आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18 मार्च 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर में तीन सौ पैंसठ उद्यमियों को वितरित किया ऋण। कहा– जिले के वुड कार्विंग को मिल रही वैश्विक मान्यता।
- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज महाकुंभ में हुयी भगदड़ और गड़बड़ियों की सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका को बताया निराधार।
- वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने कहा– गरीब मुसलमानों के पक्ष में है यह विधेयक।
- प्रदेश में शुरू हुयी गेहूं की खरीद। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अड़तालीस घंटे में किसानों का भुगतान करने के दिए निर्देश।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सहारनपुर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान–सीएम युवा के तहत तीन सौ पैसठ उद्यमियों को ऋण बांटा। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कई उद्यमियों को एक जिला एक उत्पाद–ओडीओपी के तहत वुड कार्विंग के टूल्स और प्रमाण पत्र भी प्रदान किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सहारनपुर के वुड कार्विंग को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट के माध्यम से वैश्विक मान्यता मिल रही है।

***उस पहचान को वैश्विक मान्यता मिले और रोजगार का सृजन हो। उत्तर प्रदेश इस दिशा में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। आज आप देख रहे होंगे वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को देश के अंदर भी दुनिया के अंदर भी मान्यता मिल रही है। उत्तर प्रदेश के अंदर एक तरफ यहां के स्थानीय कारीगर, हस्तशिल्प और अन्नदाता किसानों के प्रोडक्ट को वैश्विक मान्यता मिल रही है तो रोजगार का सृजन यहीं हो रहा है। नौकरी यहीं मिल रही है। काम धाम कारोबार यही पनप रहा है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि सहारनपुर को दिल्ली और लखनऊ से जोड़ने के लिए युद्धस्तर पर कार्य चल रहा है। जल्द ही सहारनपुर से दिल्ली का रास्ता मात्र पौने दो घंटे में पूरा किया जा सकेगा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की।

इससे पहले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि कार्यक्रम में हिस्सा लिया । उन्होंने योजना भवन में स्थापित स्वर्गीय बहुगुणा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के साथ ही देश के वरिष्ठ राजनेता भी थे।

**********

प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के शर्मा ने कल भदोही में सात करोड़ तिरालिस लाख रूपये की लागत से बने ड्रग वेयर हाउस का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने एक सौ इक्कीस आंनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किया। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद श्री शर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की।

**********

लखनऊ–कानपुर रेलखण्ड की अप लाइन पर पड़ने वाले गंगा पुल की मरम्मत का कार्य आगामी बीस मार्च से शुरू किया जायेगा। वहां पुराने स्टील टर्फ को हटाकर एच–बीम लगाये जायेंगे। इसके चलते करीब एक माह से अधिक समय तक यह रेलखण्ड नौ घंटे ब्लॉक रहेगा। यह जानकारी देते हुए लखनऊ में उत्तर रेलवे मण्डल के मण्डल प्रबंधक एस एम शर्मा ने बताया कि रेलखण्ड ब्लॉक होने के दौरान बहुत सी गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जायेगा।

***बीस तारीख से जो हमारा कानपुर ब्रिज है। उस पर हमलोग सेफ्टी वर्क कर रहे है रिपेयर का, कम से कम प्रभाव हो पैसेंजर्स पे तो ये प्लान किया गया है। ये करीब आठ सौ मीटर लंबा ब्रिज है और जो इसके स्टील टर्फ और उसको हमलोग रिप्लेस करेंगे। एच पी स्टीकर लगायेंगे और प्लान है कि करीब नौ घंटे ब्लॉक एवरेज दिया जाएगा और यह बीस तारीख से शुरू होगा और बीस मार्च से और तीस अप्रैल तक चलेगा। इसमें कुछ गाड़िया कैंसील हुई। बाकी हमने कोशिस की डायवर्जन या शार्ट टर्मिनेट करके जिससे लोगों को कोई खास प्रभाव न पड़े।***

**********

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज महाकुंभ में हुई भगदड़ और गड़बड़ियों की सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका कल खारिज कर दी । सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने ग्यारह मार्च को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने जनहित याचिका को निराधार मानते हुए खारिज कर दिया।

**********

वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने कहा है कि यह विधेयक गरीब मुसलमानों के पक्ष में है। वक्फ संशोधन विधेयक पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के विरोध पर श्री पाल ने नई दिल्ली में कल संवाददाताओं से कहा कि सदन में चार सौ अट्ठाइस पृष्ठों की रिपोर्ट पेश की गई है और वक्फ बोर्ड की बेहतरी के लिए संशोधन किए गए हैं।

***किरण रिजीजू संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इसको शायद एक जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी बनाकर के उसको रेफर कर दें। जिससे इसपे और एग्जास्टिव डिस्कशन डेलिबरेशन हो सके, सभी देश के स्टेकहोल्डर से मिल सके। सरकार की मंशा खुद साफ थी कि पूरे देश के मुस्लिम संगठनों से इनकी बातें सुनी जा सके। एक बेहतर कानून बनाया जाए।***

**********

प्रदेश में कल से गेहूं खरीद शुरू हो गई। यह पंद्रह जून तक चलेगी। इसके लिए छह हजार पांच सौ क्रय केंद्र बनाए गए हैं। वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस के लिए केंद्र सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य दो हजार चार सौ पचीस रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है, जो विगत वर्ष की तुलना में एक सौ पचास रुपये प्रति कुंतल अधिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को अड़तालिस घंटे के भीतर किसानों का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा मोबाइल केंद्रों के माध्यम से गांव–गांव जाकर भी खरीद होगी।

**********

अग्निवीर भर्ती दो हजार पचीस के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। भारतीय सेना ने इसके लिए नोटिफ्केशन जारी किया है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***इस वर्ष से अग्निवीर ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा 13 भाषाओं में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर, तकनीकी तथा ट्रेड्समैन भर्ती के लिए कराई जा रही है। ऑनलाइन पंजीकरण 10 अप्रैल 2025 तक के लिये खोला गया है। इस भर्ती के लिए साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष की आयुवर्ग के अभ्यर्थी पंजीकरण के लिए पात्र हैं। ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद, अभ्यर्थियों को ऑनलाइन एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।***

**********

प्रदेश के खेलमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कल ग्रेटर नोएडा में द्वितीय भारतीय अंतरराष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस चौंपियनशिप और पहली साउथ एशियन सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। इस चैंपियनशिप में हंगरी, श्रीलंका, जर्मनी, चेक गणराज्य और थाईलैंड समेत पंद्रह देशों के करीब दो सौ पचास से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। एमेच्योर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन उत्तर प्रदेश और एमेच्योर सॉफ्ट टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप छब्बीस मार्च तक चलेगी।

**********

इण्डियन प्रीमियर लीग के मुकाबले के पहले लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम के ओनर संजीव गोयनका और कप्तान ऋषभ पंत ने कल लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने टीम के खिलाड़ियों को आगामी आईपीएल सीजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स टीम प्रतिभा, अनुशासन और खेल भावना का अद्भुत उदाहरण है।

**********

लखनऊ सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में कल सुबह हुयी हल्की बारिश के साथ ओलावृष्टि से मौसम बदल गया। कई स्थानों पर तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गयी। मौसम विभाग के अनुसार मौसम का यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते देखने को मिला। विभाग ने इक्कीस और बाइस मार्च को भी पूर्वी उत्तर प्रदेश में गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने का पूर्वानुमान जताया है।।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल विभिन्न जनपदों में हुई बारिश को देखते हुए अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। श्री योगी ने कहा है कि अधिकारी फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराएं, ताकि इस संबंध में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

**********